भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1612**

जिसका उत्तर सोमवार 13 फरवरी, 2023

24 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

**सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का बंद होना/ निजीकरण/विनिवेश**

**1612. श्री शिशिर कुमार अधिकारी:**
**श्री दिव्येन्दु अधिकारी:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का अगले दो वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को बंद करने या निजीकरण करने और/अथवा विनिवेश करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उन केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का पश्चिम बंगाल सहित राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है जो बंद होने या निजीकरण और/अथवा विनिवेश की प्रक्रिया में हैं; और

(ग) क्या सरकार का अनुवर्ती विकास के लिए केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की क्षमता का आधुनिकीकरण और विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. भागवत किशनराव कराड)**

(क) और (ख) सरकार ने वर्ष 2016 से पीएसई और/या पीएसई की सहायक कंपनियों/ इकाईयों/ पीएसई के संयुक्त उद्यमों/बैंकों के रणनीतिक विनिवेश के लिए 36 मामलों में 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। 36 मामलों में से 33 मामलों को दीपम द्वारा और 3 मामलों को संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा देखा जा रहा है। दीपम द्वारा संभाले जा रहे 33 मामलों में से 10 मामलों में रणनीतिक विनिवेश सौदे संपन्न कर लिए गए हैं; 5 पीएसई के बंदीकरण विचाराधीन है; मुकदमेबाजी के चलते 1 मामला अटका हुआ है और 01 मामला एनसीएलटी के समक्ष कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन है तथा 2 सौदों की व्यवहार्यता

पर पुनर्विचार किया जा रहा है। शेष 14 सौदे विभिन्न चरणों में हैं। विवरण **अनुबन्ध-I** पर दिया गया है।

अन्य पीएसई में, जहां सरकार नियंत्रण अपने पास बनाए हुए है, अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के माध्यम से विनिवेश समय-समय पर प्रचलित बाजार परिस्थितियों और निवेशक अभिरुचि के आधार पर, सेबी अनुमोदित विभिन्न पद्धतियों जैसे कि आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ), बिक्री की पेशकश (ओएफएस), शेयरों की वापस खरीद आदि के माध्यम से करती है।

17 सीपीएसई बंद होने की प्रक्रिया में हैं, जैसा कि लोक उद्यम विभाग द्वारा सूचित किया गया है। ऐसे सीपीएसई/सीपीएसई की इकाइयों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ग) केंद्रीय पीएसई का आधुनिकीकरण और क्षमता वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है, और इस क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर कदम उठाए जाते हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 13.02.2023 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1612 के उत्तर का अनुबंध**

**उन पीएसई और/या पीएसई की सहायक कंपनियों/इकाइयों/संयुक्त उद्यमों और बैंकों की सूची जिनके रणनीतिक विनिवेश के लिए सरकार ने वर्ष 2016 से 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है।**

**1. चल रहे सौदे जिन पर दीपम द्वारा कार्रवाई की जा रही है**

| **क्र.सं.** | **पीएसई का नाम** | **पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य** |
|---|---|---|
| 1. | बीईएमएल लिमिटेड | कर्नाटक |
| 2. | शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. | महाराष्ट्र |
| 3. | एचएलएल लाइफ केयर लि. | केरल |
| 4. | प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट इंडिया लि. | उत्तर प्रदेश |
| 5. | फेरो स्क्रेप निगम लि. (सहायक कंपनी) | छत्तीसगढ़ |
| 6. | इंडियन मेडिसिन फार्मास्यूटिकल्स कॉरपोरेशन लि. | दिल्ली |
| 7. | कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. | नई दिल्ली |
| 8. | राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. | आंध्र प्रदेश |
| 9. | एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) | मध्य प्रदेश |
| 10. | (क) भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. को छोड़कर)@<br>(ख) नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. में बीपीसीएल की हिस्सेदारी किसी रणनीतिक खरीदार पीएसई को $ | महाराष्ट्र |
| 11. | पवन हंस लिमिटेड * | उत्तर प्रदेश |
| 12. | सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि. (सीईएल)## | नई दिल्ली |
| 13. | भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. की सेलम इस्पात संयंत्र इकाई | नई दिल्ली |
| 14. | आईडीबीआई बैंक | महाराष्ट्र |

@ पर्याप्त संख्या में बोलीदाताओं से रूचि प्राप्त न होने के कारण ईओआई की प्रक्रिया वापस ले ली गई।

$ सौदा संपन्न कर लिया गया है।

* कानूनी मुद्दों के कारण सौदा रोका गया है।

## सफल बोलीदाता को अयोग्य घोषित कर दिया गया और सौदा समाप्त कर दिया गया है।

**2. वे सौदे जिन पर संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा कार्रवाई की जा रही है**

| क्र.सं. | पीएसई का नाम | पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य |
|---|---|---|
| 15. | भारत पर्यटन विकास निगम लि. की विभिन्न इकाइयां | नई दिल्ली |
| 16. | हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लि. | महाराष्ट्र |
| 17. | बंगाल केमिकल्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लि. | पश्चिम बंगाल |

**3. पीएसई के बंदीकरण हेतु अनुशंसा/अनुमोदन के कारण या अन्य किसी कारण से रोके गए सौदे**

| क्र.सं. | पीएसई का नाम | पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य |
|---|---|---|
| 18. | हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लि. (सहायक कंपनी)** | तेलंगाना |
| 19. | स्कूटर्स इंडिया लि.** | उत्तर प्रदेश |
| 20. | भारत पंप्स एंड कम्प्रेसर्स लि.** | दिल्ली |
| 21. | हिन्दुस्तान प्रीफैब लि. | कर्नाटक |
| 22. | सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. की इकाइयां (नयागांव इकाई) # | पंजाब |

** सरकार ने कम्पनी के बंदीकरण को अनुमोदन प्रदान कर दिया था।

# सौदा व्यवहार्य नहीं है और खानों को राज्य सरकारों को वापस लौटाया जा रहा है।

**4. मुकद्दमेबाजी के कारण रोके गए सौदे**

| क्र.सं. | पीएसई का नाम | पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य |
|---|---|---|
| 23. | कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लि. | कर्नाटक |

**5. एनसीएलटी में कार्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन**

| क्र.सं. | पीएसई का नाम | पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य |
|---|---|---|
| 24. | हिंदुस्तान न्यूज प्रिंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)*** | केरल |

***दिनांक 29.01.2021 के आदेश द्वारा एनसीएलटी, कोच्चि द्वारा अनुमोदित केरला इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन (केआईएनएफआरए) की समाधान योजना वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन है।

**6. व्यवहार्यता की समीक्षा के अधीन सौदे**

| क्र.सं. | पीएसई का नाम | पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य |
|---|---|---|
| 25. | इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड | दिल्ली |
| 26. | ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड | पश्चिम बंगाल |

**7. संपन्न सौदे**

| क्र.सं. | पीएसई का नाम | पंजीकृत कार्यालय वाला राज्य |
|---|---|---|
| 27. | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) | मुंबई |
| 28. | ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि. (आरईसी) | हरियाणा |
| 29. | एचएससीसी (इण्डिया) लि. | नई दिल्ली |
| 30. | नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लि. (एनपीसीसी) | नई दिल्ली |
| 31. | ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (डीसीआईएल) | नई दिल्ली |
| 32. | टीएचडीसी इंडिया लि. (टीएचडीसी) | उत्तराखंड |
| 33. | नॉर्थ ईस्टर्न इलैक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लि. (नीपको) | मेघालय |
| 34. | कामराजार पोर्ट लि. | तमिलनाडु |
| 35. | एयर इंडिया^^ | नई दिल्ली |
| 36. | नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) | ओडिशा |

^^वे सहायक कंपनियां जो वर्तमान में एआईएएचएल के पास हैं, का अभी विनिवेश किया जाना है।

**अनुबंध-II**

**दिनांक 13.02.2023 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1612 के उत्तर का अनुबंध**

1. **सीपीएसई की सूची जो बंद होने की प्रक्रिया में हैं, जैसा कि लोक उद्यम विभाग द्वारा सूचित किया गया है।**

| **क्र.सं.** | **सीपीएसई का नाम** | **पंजीकृत कार्यालय वाले राज्य** |
|---|---|---|
| 1 | तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड | कर्नाटक |
| 2 | एचएमटी वाचेज लिमिटेड | कर्नाटक |
| 3 | हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड | पश्चिम बंगाल |
| 4 | भारत पंप्स एंड कंप्रेशर्स लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 5 | स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 6 | केंद्रीय अंतर्देशीय जल परिवहन निगम लिमिटेड | पश्चिम बंगाल |
| 7 | हुगली डॉक एंड पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड | पश्चिम बंगाल |
| 8 | इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड | हरियाणा |
| 9 | राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड | राजस्थान |
| 10 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह वन और वृक्षारोपण विकास निगम लिमिटेड, पोर्ट ब्लेयर | अंडमान एवं निकोबार |
| 11 | हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड की रसायनी इकाई में CNA/$N_2O_4$ संयंत्र को छोड़कर सभी संयंत्रों के संचालन को बंद करना | महाराष्ट्र |
| 12 | हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लिमिटेड | तेलंगाना |
| 13 | नेशनल जूट मैन्युफैक्चरर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड | पश्चिम बंगाल |
| 14 | बर्ड्स जूट एंड एक्सपोर्ट्स लिमिटेड | पश्चिम बंगाल |
| 15 | हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | दिल्ली |
| 16 | विज्ञान इंडस्ट्रीज लिमिटेड | कर्नाटक |
| 17 | एसटीसीएल लिमिटेड | कर्नाटक |